दिन– शनिवार दिनांक– 03/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पीएमसीएच पुनर्विकास योजना के पहले चरण के तहत एक हजार एक सौ सत्रह बेड वाले दो टावर का उद्घाटन करेंगे।

02. केन्द्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन मुम्बई में चल रहे वेव्स सम्मेलन में आज भारत की लाइव इवेंट अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र जारी करेंगे।

03. मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने विधानसभा चुनाव से जुड़ी तैयारियों को जुलाई महीने तक पूरा करने के अधिकारियों को दिये निर्देश।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स की कल पटना में रंगारंग और भव्य शुरुआत होगी।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पीएमसीएच पुनर्विकास योजना के पहले चरण के तहत निर्मित अस्पताल भवन के दो टावर का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय करेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद रहेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस भवन में मरीजों के लिए एक हजार एक सौ सत्रह बेड की सुविधा उपलब्ध करायी गई है।

———बाईट———

पहले चरण में पैंसठ आईसीयू और चौवालीस पोस्ट आईसीयू के साथ ही विशेष कक्ष भी उपलब्ध होंगे। इस चरण में कुल दो हजार पांच सौ सत्ताईस बेड की सुविधा रहेगी। इसमें एक साठ करोड़ के उपकरण, ओपीडी और इमरजेंसी में लगाये गये हैं। अस्पताल के तीसरे टावर को आगामी सितम्बर महीने और चौथे टावर को अगले साल तक शुरू कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि विश्व के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल बनने वाले पीएमसीएच में कुल पांच हजार चार सौ बासठ बेड वाले नये भवन का तीन चरणों में निर्माण होना है। इस पर कुल पांच हजार चार सौ साठ करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से अशीष रंजन।

———————————————————

और अब खबरें वेव्स सम्मेलन की..

———म्यूजिक———

मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स दो हजार पच्चीस के तीसरे दिन आज श्वेत पत्र जारी किया जायेगा। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन भारत की लाइव इवेंट अर्थव्यवस्था, एक रणनीतिक विकास अनिवार्यता शीर्षक से अपनी तरह का पहला श्वेत पत्र जारी करेंगे। यह पत्र भारत के तेजी से बढ़ते लाइव मनोरंजन उद्योग का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। वेव्स के दौरान मीडिया और

मनोरंजन क्षेत्र पर सांख्यिकीय पुस्तिका भी जारी की जाएगी। वेव्स में आज सामुदायिक रेडियो पर राष्ट्रीय सम्मेलन भी होगा। यह सामुदायिक रेडियो केंद्रों को एक दूसरे से जुड़ने, सीखने और सर्वोत्तम परम्पराओं को साझा करने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा। और ब्यौरा हमारे संवाददाता दीपेन्द्र से––

–––बाईट–––

———————————————————————————

मुम्बई में आयोजित किये जा रहे वेव्स शिखर सम्मेलन के पहले दो दिन में वेव्स बाजार में फिल्म, संगीत, एनीमेशन, रेडियो और वीएफएक्स क्षेत्रों में अब तक दो सौ चौवन करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने बताया कि यह आंकड़ा काफी बढ़ने की उम्मीद है।

———————————————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने विधानसभा चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियों को जुलाई महीने तक पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस महानिदेशक और विभागीय प्रमुख सचिवों के साथ बैठक में कहा कि चुनाव प्रक्रिया सुचारू, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने की व्यवस्था करें। इधर, निर्वाचन आयोग ने भी चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। आयोग ने ईवीएम मशीनों की फस्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से सभी जिलों में तीस जून तक पूरी की जायेगी। आयोग ने प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए सभी मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम की जांच का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

अब खबरें खेलों इंडिया यूथ गेम्स से....

–––म्यूजिक–––

खेल स्पर्धाओं के महाकुंभ खेलो इंडिया यूथ गेम्स–दो हजार पच्चीस की कल पटना में रंगारंग और भव्य शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया पाटलिपुत्र खेल परिसर में शाम छह बजे कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो संदेश के जरिए समारोह को संबोधित करेंगे। पन्द्रह मई तक चलने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में दस हजार से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––रिपोर्ट–––

खेलो इंडिया में शामिल हो रहे खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। रग्बी खिलाड़ी मोहम्मद अरमान आलम ने कहा कि इस बड़े आयोजन से बिहार में खेलो का वातावरण और बेहतर बनेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में पहले राष्ट्रीय मध्यस्थता सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगी। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और केन्द्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कानून और न्याय मंत्रालय के सहयोग से अटॉर्नी जनरल कार्यालय इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। मीडिया से बातचीत में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि इस सम्मेलन में बडी संख्या में मध्यस्थ और मध्यस्थ संस्थान एक साथ आएंगे ताकि वे मध्यस्थता प्रक्रिया पर चर्चा कर सके और श्रेष्ठ परंपराओं को साझा कर सकें।

आकाशवाणी से बातचीत में  कानून और न्याय मंत्रालय में संयुक्त सचिव अजय अरोड़ा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य अदालतों में लंबित मामलों को कम करने के लिए वादी को मध्यस्थता प्रक्रिया का पालन करने के लिए प्रेरित करना है।

———————————————————————————

भारत का कुल निर्यात वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में लगभग आठ सौ पच्चीस अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसमें मार्च दो हजार पच्चीस का सेवा व्यापार भी शामिल है। रिजर्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार इसमें पिछले वर्ष के सात सौ अठहत्तर अरब डॉलर की तुलना में छह प्रतिशत से ज्यादा की बढोतरी हुई है। सेवा निर्यात साढे तेरह प्रतिशत से बढ़कर तीन सौ सतासी अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। ये आंकड़े वाणिज्य मंत्रालय के पहले के अनुमान से अधिक हैं।

———————————————————————————

प्रदेश के मौसम में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न स्थानों पर बारिश की गतिविधियों में कमी आने के साथ ही अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। इस दौरान सैंतीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गोपालगंज प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने आज राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

———बाईट———

———————————————————————————————

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रदेश में पशुओं को मुंहपका–खुरपका रोग से बचाने के लिए निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान घर–घर जाकर पशुओं को टीका लगाया जा रहा है। विभाग ने किसानों और पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने गाय–भैंस को रोग निरोधी टीका जरूर लगवाये।

———————————————————————————————

भागलपुर जिला धान अधिप्राप्ति के मामले में प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। जिले में अब तक छह मीट्रिक टन से अधिक धान अधिप्राप्ति हुई है। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार की अध्यक्षता में भागलपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों द्वारा यह जानकारी दी गयी। इस दौरान श्री कुमार ने कहा कि जिले में सब्जी उत्पादन भारी मात्रा में किया जाता है। इसलिए प्रखंड स्तर पर सब्जी उत्पादन समिति का गठन किया जा रहा है।

———————————————————————————————

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आपस में समन्वय बनाकर संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पटना में जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों और पर्यवेक्षकों की बैठक में हर घर कांग्रेस का झंडा कार्यक्रम और संविधान सुरक्षा अभियान को लेकर जागरूकता फैलाने और लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार मौजूद थे।

———————————————————————————————

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। यह दिन प्रेस स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करने और दुनिया भर में प्रेस स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने के रूप में मनाया जाता है।

———————————————————————————————

देशभर के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, नीट कल आयोजित की जायेगी। परीक्षा के लिए राज्य में एक सौ बयालीस से अधिक केन्द्र बनाये गये हैं।

———————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– पहलगाम नरसंहार में पाकिस्तान का सीधा हाथ, मिले पुख्ता सुबूत।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बीस वर्षों का रिपोर्ट कार्ड जारी करने की खबर का शीर्षक लगाया है– बिहार में बड़े बदलाव का साक्षी बना बीस वर्ष।

दैनिक भास्कर लिखता है– सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले के मास्टर माइंड संजीव मुखिया को चार दिन की रिमांड पर लिया।

प्रभात खबर की सुर्खी है– कल से अट्ठाईस खेलों के साथ बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आगाज।

राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– पाक पीएम का यूट्यूब अकाउंट भारत में ब्लॉक।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पीएमसीएच पुनर्विकास योजना के पहले चरण के तहत एक हजार एक सौ सत्रह बेड वाले दो टावर का उद्घाटन करेंगे।

02. केन्द्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन मुम्बई में चल रहे वेव्स सम्मेलन में आज भारत की लाइव इवेंट अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र जारी करेंगे।

03. मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने विधानसभा चुनाव से जुड़ी तैयारियों को जुलाई महीने तक पूरा करने के अधिकारियों को दिये निर्देश।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स की कल पटना में रंगारंग और भव्य शुरुआत होगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।